भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2232 का उत्तर

हिसार विमानपत्तन के लिए रेल संपर्क

2232. श्री बृजेन्द्र सिंहः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि हिसार, हरियाणा के प्रस्तावित नए विमानपत्तन से नई दिल्ली तक कब तक रेल संपर्क आरंभ किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

इस समय, नई दिल्ली से हिसार तक रेल संपर्क उपलब्ध है। हिसार एयरपोर्ट को नई दिल्ली से जोड़ने के संबंध में रेल मंत्रालय के पास इस समय कोई प्रस्ताव/स्वीकृत कार्य नहीं है। बहरहाल, नागरिक उड्डयन विभाग, हरियाणा सरकार के अनुरोध पर रेल मंत्रालय और हरियाणा सरकार की संयुक्त उद्यम कंपनी हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा रायपुर रेलवे स्टेशन (हिसार रेलवे स्टेशन के नजदीक) से हिसार एयरपोर्ट तक रेल संपर्क के कार्य के लिए व्यवहार्यता अध्ययन शुरू किया गया है। इसकी रिपोर्ट हरियाणा सरकार की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत कर दी गई है।

******

sk